दिनांकः 29.08.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कानून व्यवस्था को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया–राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन का उद्घाटन कियां

- राज्य सरकार ने प्रदेश में 2406 किलोमीटर के 8 नये ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे निर्माण के लिये डीपीआर की मंजूरी दीं

- हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमं

और

- प्रदेश में अब तक सामान्य से 51 फीसदी अधिक बारिश–दौसा जिले में सबसे ज्यादा 1 हजार 148 मिलीमीटर बरसात दर्ज

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि उनकी सरकार ने शुरू से ही कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है तथा आगे भी पुलिस तंत्र को और मजबूत बनाया जाएगा जिससे कानून व्यवस्था सुदृढ़ तथा मजबूत बन सकें श्री शर्मा आज राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थें मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अपराध का स्वरुप बदल गया है साइबर क्राइम से लेकर संगठित अपराध जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए पुलिस को अधिक सशक्त बनकर काम करना होगां उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश में ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत साइबर क्राइम को रोकने के लिए अच्छा काम किया जा रहा हैं इसे तेज गति देते हुए साइबर क्राइम को पूरी तरह समाप्त किया जाएं उन्होंने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृति पर रोकथाम अतिआवश्यक हैं साथ ही भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए पुलिस निष्पक्ष एवं ईमानदारी से काम करें

.....................

कार्यक्रम मे गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए राजस्थान पुलिस सदैव तत्पर रहती हैं राज्य को 'अपराध मुक्त राजस्थान' बनाने के लिए पुलिस निरंतर काम कर रही हैं इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि अपराध नियंत्रण में राजस्थान जिस गति से कार्य कर रहा है उससे देश मे प्रदेश की अच्छी छवि बनी हैं दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन में 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस– द वे फॉरवर्ड' थीम पर दर्जनभर सत्र आयोजित हो रहे हैं इनमें नये आपराधिक कानूनों, आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस टूल्स, डीप फेक, साइबर

सिक्योरिटी, मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम जैसे सत्रों का आयोजन किया जायेगां इससे बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार होगां

000

राज्य सरकार ने प्रदेश में 2406 किलोमीटर के 8 नये ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे निर्माण के लिये डीपीआर की मंजूरी दे दी हैं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि डीपीआर बनाने के लिये 30 करोड़ रु की राशि स्वीकृत की गई हैं उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि इन एक्सप्रेस–वे के निर्माण से प्रदेश के आर्थिक विकास को गति मिल सकेगीं तेज और सीधी कनेक्टीविटी स्थापित होने से प्रदेश में निवेश को बढावा मिलेगां एक्सप्रेस–वे से किसानों की बाजारों तक सीधी पहुच हो सकेगीं साथ ही पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की आवाजाही बढने से भी रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे तथा राजस्व में बढोतरी होगीं बजट घोषणा के तहत कोटपूतली–किशनगढ़, जयपुर–भीलवाडा, बीकानेर – कोटपूतली, ब्यावर–भरतपुर, जालौर–झालावाड, अजमेर–बाँसवाड़ा, जयपुर–फलौदी और श्रीगंगानगर–कोटपूतली एक्सप्रेस–वे बनेंगें

000

प्रदेश में आगामी दिसंबर में होने वाले **'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024** के प्रमोशन के लिए कल मुंबई में रोड शो होगां इस रोड शो का नेतृत्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगें इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में निवेश संबंधी कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होगें साथ ही राइजिंग राजस्थान वेबसाइट का शुभारंभ होगां इस दौरान उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ चर्चा भी होगीं उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत और अन्य शीर्ष अधिकारी भी रोड शो में शामिल होगें

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्राकृतिक खेती अपनाए जाने की जरूरत हैं उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति कम हो रही हैं रासायनिकों के उपयोग से कैंसर जैसी बीमारियों की संख्या भी बढ़ोतरी हो रही हैं श्री बागडे आज बीकानेर के स्वामी केशवानन्द कृषि विश्वविद्यालय में **'प्राकृतिक खेती''** पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थें राज्यपाल ने कहा है कि आज रासायनिक उर्वरकों के कई दुष्परिणाम हमारे सामने आ रहे हैं उन्होंने कृषि के साथ—साथ गाय पालने का आह्वान कियां केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस मौके पर कहा कि रासायनिक खेती के दुष्प्रभावों से बचने के लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर ध्यान देना होगां उन्होंने श्रीअन्न को बढावा देने की आवश्यकता जताई और कहा कि राजस्थानी वनस्पति फोगला, केर, सांगरी और तुंबा पर अनुसंधान किए जाने की जरूरत हैं केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्राकृतिक खेती हमारी प्राचीनतम पद्धति हैं मानव के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटना होगां इससे पहले राज्यपाल ने **'फसल अवशेष प्रबंधन के लिये स्टबल चॉपर कम स्प्रेडर'** मशीन के बारे में एक पुस्तक का भी विमोचन कियां उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन कियां

000

...................

राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गयें राजधानी जयपुर में क्रीड़ा भारती की ओर से सिटी पार्क में रैली निकाली

गईं राजस्थान विश्वविद्यालय में कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं सवाईमाधोपुर जिले में खेल सप्ताह के तहत आज मैराथन हुईं इसमें जिला अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस जवानों और युवा खिलाड़ियों ने भाग लियां मैराथन के बाद श्रमदान और वृक्षारोपण भी किया गयां केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से भगवतगढ़ में संगोष्ठी और छात्र–छात्राओं की रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गईं प्रतियोगिता के विजेताओं को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से पुरस्कार दिये गएं कार्यक्रम के आखिर में फिट इंडिया की शपथ दिलाई गईं श्रीगंगानगर में मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस के उपलक्ष में हॉकी मैच खेला गयां बारां के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विद्यार्थियों को खेलों की महत्ता के बारे में बताया गयां बाड़मेर में इस मौके पर रन फॉर फिट का आयोजन किया गयां भरतपुर में लोहागढ़ स्टेडियम में परंपरागत खेलों के आयोजन हुएं इसके अलावा राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया ं टोंक में रैली निकाली गईं केकडी जिले में मीणों के नयागांव में आओ खेलें–सभी खेले थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गयां अजमेर में खेल सप्ताह के समापन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी खिलाडियों को पुरस्कार बांटेंगें डीग में आज प्रभात फेरी निकाली गईं

000

राज्य में खान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में गठित सात अलग अलग दलों की ओर से पिछले दस दिनों में अवैध खनन और परिवहन के

100 से अधिक मामलों में कार्रवाई की गई हैं राज्य सरकार के निर्देश पर गठित इन दलों द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के साथ ही आरसीसी, ईआरसीसी ठेकों के साथ वे–ब्रिजों का भी औचक निरीक्षण किया जा रहा हैं खान विभाग के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि अवैध खनन गतिविधियों में 8 एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी हैं 5 हजार टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त करने के साथ ही 29 लाख रूपये से अधिक की जुर्माना राशि वसूल की गयी हैं

000

अमृत योजना के तहत राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और संरचना निगम निगम लिमिटेड की ओर से भरतपुर के कुंडों का स्वरूप संवारा जाएगा ˙ इसके लिए करीब 17 करोड 59 लाख रुपए की राशि राज्य सरकार द्वारा पारित की गई है ˙ राज्य सरकार की ओर से भरतपुर की ब्रह्मचारी बगीची कुंड, गोलमोल बगीची कुंड, कंपनी बाग के पीछे के जलाशय और नदबई के कुम्हरा कुंड तथा अन्य कुंडों का जीर्णोद्धार होगा ˙ इन कुंडों से सिल्ट निकाली जाएगी और फिर उसमें साफ पानी भरा जाएगां इसके साथ ही कुण्डों के आसपास पौधरोपण कर इन स्थलों को विकसित किया जाएगा ˙

000

प्रदेश में अब तक सामान्य से 51 फीसदी अधिक बारिश हुई हैं राज्य के कुछ जिलों को छोड़कर अधिकतर में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गयी हैं पूर्वी जिलों में सामान्य से करीब 38 फीसदी जबकि पश्चिमी जिलों में सामान्य से 75 प्रतिशत अधिक पानी बरसा हैं मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार दौसा जिले में सबसे ज्यादा 1 हजार 148 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 131 फीसदी ज्यादा हैं सवाई माधोपुर में एक हजार 43 मिलीमीटर, करौली में करीब एक हजार मिलीमीटर जबकि टोंक में 972 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी हैं पश्चिमी जिले जैसलमेर में सामान्य से 162 प्रतिशत अधिक पानी बरसा हैं सिरोही, झालावाड़ तथा डूंगरपुर में इस बार औसत बारिश से कुछ कम वर्षा हुई हैं इस बीच प्रदेश में आज भी कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई हैं सवाईमाधोपुर जिले में आज दोपहर बाद करीब आधा घंटे हल्की बरसात हुई डूंगरपुर जिले में तीन–चार दिन से बरसात का दौर जारी हैं इससे कई जगह खेतों में पानी भर गया हैं तालाब, एनिकट ओवरफ्लो हो गए हैं जलाशयों में पानी की आवक बनी हुई हैं सिरोही जिले के आबूरोड क्षेत्र में बरसाती नाले के तेज बहाव में एक व्यक्ति बह गयां यह हादसा रपट पार करते समय हुआं सूचना पर प्रशासन और पुलिस अधिकारी पहुंचें जिले की मीरपुर नदी में बकरियों के नदी के पानी में फंसने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बनाकर बकरियों को सुरक्षित निकालां

टोंक जिले के बीसलपुर बांध में पानी की आवक बनी हुई हैं जिसके चलते आज दोपहर बाद बांध का जल स्तर बढ़कर 314 दशमलव 4 आर एल मीटर हो गया हैं

000

बाडमेर के जांबाज हवलदार नखत सिंह के पार्थिव शरीर का आज दोपहर बाद उनके पैतृक गांव हरसाणी में पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गयां अंत्येष्टि के समय बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, जिला कलेक्टर निशांत जैन, जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना, कई जनप्रतिनिधि, सेना, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी और हजारों लोग मौजूद रहें गौरतलब है कि हवलदार नखत सिंह सेना की 19 ग्रेनेडियर्स में अरूणाचल प्रदेश में तैनात थें ऑपरेशन राईनों के दौरान 27 अगस्त को वाहन दुर्घटना में वे वीर गति को प्राप्त हो गये थें

000